# SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

सितंबर 2013


## दिल्ली में बिजली संबंधी तथ्य

2002 से:

कॉस्ट रिफलेक्टिव टैरिफ के अभाव में, दिल्ली डिस्कॉम्स का राजस्व (डीईआरसी से अप्रूव टैरिफ)

उनके परिचालन व अन्य खर्चों को पूरा कर पाने में सक्षम नहीं है। आमतौर पर, एक डिस्कॉम के कुल राजस्व का 80 प्रतिशत बिजली की थोक खरीद पर खर्च होना चाहिए, जो कि उनके नियंत्रण से बाहर का खर्च है। लेकिन, बीआरपीएल के मामले में यह खर्च 90 प्रतिशत पर पहुंच गया है। इसके अलावा, ब्याज की लागत भी है, जो लगातार बढ़ रही है। यह सब मिलाकर, 2012–13 में बीआरपीएल का खर्च उसके राजस्व की तुलना में 115 प्रतिशत हो गया।

- बिजली की मांग करीब 100 प्रतिशत बढ़ी है– तब 2879 मेगावॉट से अब 5653 मेगावॉट।
- डिस्कॉम्स की, बिजली खरीद पर आने वाली लागत 300 प्रतिशत बढ़ गई है, जिस पर उनका कोई नियंत्रण नहीं है।
- जबकि, इसी अवधि में आम उपभोक्ताओं के लिए बिजली टैरिफ 70 प्रतिशत ही बढ़ी है।
- चूंकि इस टैरिफ से लागत की वसूली नहीं हो पा रही है, इस वजह से 19,500 करोड़ रूपये का रेगुलेटरी एसेट खड़ा गया है, जो कि भविष्य में मिलेगा, अभी नहीं। जाहिर है, इससे दिल्ली डिस्कॉम्स के सुचारू परिचालन पर काफी असर पड़ रहा है।
- वर्तमान में, बीवाईपीएल का 100 प्रतिशत राजस्व बिजली की खरीद और उसके ब्याज की लागत में चला जाता है। डिस्कॉम्स अपना लागत भी नहीं वसूल पा रही हैं, किसी रिटर्न की तो बात ही बेकार है।
- दिल्ली डिस्कॉम्स अपनी सारी बिजली केंद्र व राज्य सरकारों की बिजली उत्पादन कंपनियों से लंबी अवधि के लिए किए गए पावर परचेज अग्रीमेंट के तहत खरीदती हैं। केंद्र और राज्य की नियामक संस्थाओं द्वारा तय की गई दरों पर डिस्कॉम्स को बिजली मिलती है।
- दिल्ली की डिस्कॉम्स दिल्ली, छत्तीसगढ़, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर आदि राज्यों की सरकारी बिजली उत्पादन कंपनियों से बिजली खरीदती हैं।

## बिजली नहीं है, तो एसएमएस करें

**आप बिजली गुल होने की शिकायत एसएमएस करके भी कर सकते हैं। बीएसईएसआरपी टाइप करें, स्पेस दें, एनसी टाइप करें, स्पेस दें, अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और उसे 5 61 61 07 पर भेज दें। हेल्पलाइन– 399 99 707 का विकल्प आपके पास पहले से ही मौजूद है।**

कॉल् करें

## हम सुन रहे हैं

## डायल बीआरपीएल–39999707

## बीआरपीएल–श्नाइडर बताएंगे कैसे कम करें बिजली की खपत

वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट द्वारा की गई रिसर्च में यह बात सामने आई है कि दिल्ली में सालाना 7000 मिलियन यूनिट्स यानी 760 मेगावॉट बिजली बचाई जा सकती है। और, भारत में इस बात की संभावना है कि वह सालाना 183, 500 मिलियन यूनिट्स यानी 20,000 मेगावॉट बिजली बचा सके।

इस रिसर्च को ध्यान में रखते हुए, बीआरपीएल ने फ्रांस की नामी कंपनी श्नाइडर से समझौता किया है। इसके तहत, बीआरपीएल उपभोक्ताओं को एनर्जी ऑडिट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इन ऊर्जा कुशल सेवाओं से बीआरपीएल उपभोक्ताओं को अपने संसाधनों के बेहतर व प्रभावी उपयोग में मदद मिलेगी और अंततः, उनकी बिजली खपत में भी अच्छी–खासी कमी आएगी।

शुरूआत में, बीआरपीएल–श्नाइडर साझेदारी के तहत इंडस्ट्रीज, होटेल्स, मॉल्स, हॉस्पिटल्स और कमर्शल बिल्डिंग्स जैसे बड़े उपभोक्ताओं को बिजली की खपत कम करने के उपाय सुझाए जाएंगे। अगर हमारे द्वारा बताए गए ऊर्जा कुशल समाधान पर अमल किया जाए, तो उपभोक्ताओं के बिजली बिल में 10 से 30 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है।

इस समाधान पर जो लागत आएगी, उसकी वसूली वह संस्थान 12 से 36 महीनों के भीतर ही कर लेगा। लागत की वसूली, संबंधित संस्थान की बिजली खपत के पैटर्न पर निर्भर करेगा।

## www.bsesdelhi.com पर अब आपका अपना अकाउंट

लंबे समय से जिस सुविधा की प्रतीक्षा की जा रही थी, वह अंततः अमल में आ गई है। बीएसईएस की वेबसाइट wwww.bsesdelhi.com पर अब आपका अपना स्पेस भी होगा, जिसे नाम दिया गया है– *माय अकाउंट*। यह आपके पासवर्ड से सुरक्षित एक ऐसा मॉड्यूल है, जो बीएसईएस उभोक्ताओं को एक नहीं, कई तरह की सुविधाएं ऑफर करेगा। इन सुविधाओं में शामिल हैं:

- अपने अकाउंट से संबंधित सूचनाएं आप माय अकाउंट के डैशबोर्ड पर देख सकते हैं
- अकाउंट की ताजा यानी लेटेस्ट डिटेल अपडेट करें
- एसएमएस और ईमेल अलर्ट्स को एक्टिवेट करें
- लेटेस्ट पेमेंट स्टेटस / डिटेल
- पेमेंट हिस्ट्री
- लेटेस्ट बिल डाउनलोड करें
- कई अकाउंट्स वाले उपभोक्ता एक ही यूजर आइडी व पासवर्ड से अपना अकाउंट रजिस्टर कर सकते हैं

### कैसे रजिस्टर करें

माय अकाउंट के लिए रजिस्टर करना एकदम सिंपल है और आप यह तुरंत कर सकते हैं। बीएसईएस वेबसाइट पर माय डिटेल सेक्शन में जाएं और माय अकाउंट पर क्लिक करें। उसके बाद, न्यू यूजर पर क्लिक करें और अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर व मीटर नंबर एंटर करें। ये दोनों नंबर आपके बिजली बिल पर दर्ज हैं। समझने में आसान इंस्ट्रक्शंस को फॉलो करें, और इस तरह बिना वक्त गंवाए, आपका माय अकाउंट एक्टिव हो जाएगा।



To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy